तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **राहुल बिस्सा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353747692671199	नं व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26/09/25	अपीलार्थी राहुल बिस्सा निवासी 01, जालोरी गेट के अंदर जालप मौहल्ला, बिस्सा की पोल, वार्ड नंबर– 27, जोधपुर–उत्तर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 05.08.2025 को कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान, जयपुर द्वारा दिनांक 07/05/2025 को श्रीमान अति जिला कलेक्टर (प्रशासन) जिला जोधपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र भेजा गया है जिससे संबंधित विभिन्न बिन्दुओं के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) जरिये पत्रांक 942 दिनांक 09.09.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध में प्रभारी अधिकारी, सम्पर्क शाखा, कार्यालय हाजा से रिपोर्ट प्राप्त कर रिपोर्ट अनुसार कार्यालय के पत्र 943 दिनांक 09.09.2025 से प्रार्थी को अवगत कराया गया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.09.26 13:00:04 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
18013013